ऑनलाइन फार्मासिस्ट पंजीयन प्रक्रिया का शुभारम्भ

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल रायपुर में फार्मासिस्टों के ऑनलाइन पंजीयन सुविधा का शुभारंभ माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी, मन्त्री छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के करकमलों से बुधवार, दिनांक 04 सितम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल के कार्यालय परिसर आनन्द नगर, रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल के अध्यक्ष श्री अरूण कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष श्री राहुल तिवारी, रजिस्ट्रार श्री अश्वनी गुर्देकर, कार्यकारिणी सदस्य श्री विजय पारख, श्री निकेश देवॉगन, डॉ. चंचलदीप कौर, फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया प्रतिनिधि डॉ. आनन्द महलवार, काउन्सिल के सदस्य श्री परमानन्द पटेल, काउन्सिल कार्यालय के समस्त कर्मचारियों, विभिन्न मिडिया प्रतिनिधियों सहित विभिन्न फार्मेसी कॉलेज के छात्र-छात्राये उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में माननीय मंत्री महोदय ने मीडिया से तथा उपस्थित अतिथियों व फार्मासिस्टों से चर्चा की तथा उदबोधन दिया। कार्यक्रम लाइव प्रसारण भी होता रहा जिसे करी लोगों नें देखा। विशेष आकर्षण यह भी रहा कि माननीय स्वास्थ्य मंत्री महोदय ने ऑनलाइन विडियो माध्यम से जुड़े कई छात्रों के प्रश्नों का जवाब दिया।

उक्त कार्यक्रम के आयोजक श्री अश्वनी गुर्देकर रजिस्ट्रार छ. ग. स्टेट फार्मेसी काउंसिल थे।

अतः फार्मेसी शिक्षण संस्थाओं और फार्मेसी के सभी छात्रो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12 सितम्बर 2024 से फार्मासिस्ट पंजीयन हेतु केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे तथा ऑफ लाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

नए पंजीयन हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के वेब साईट www.cspc.in से आवेदन किया जाना है। संपूर्ण जानकारी के लिये ऑनलाइन आवेदन के पूर्व वेबसाइट में दिए गए मार्गदर्शिका एवं विडियो का अवलोकन तथा अध्यन कर लेवें।

Online Pharmacists Registration Guideline **https://online.cspc.in/cspc_reg_guideline.html**

Apply Online for New Registration - **https://online.cspc.in/new-registration.php**

Photo Gallery Link - **https://cspc.in/photo_gallery2.html**